झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक- **16-03-2020**

Corrected and Updated
========================
प्रेस विज्ञप्ति- **287/2020**

★कोरोना वायरस से बचाव के लिए एहतियात बरतना जरूरी...सरकार राज्यवासियों के साथ...हेमन्त सोरेन
★राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थान **14** अप्रैल तक बंद रहेंगे
★**300** चिकित्सकों की प्रशिक्षित टीम है तैयार
★सरकार ने कोरोना से लड़ने के लिए **200** करोड़ की राशि का उपबंध किया
...हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री झारखण्ड
========================
★झारखण्ड सुरक्षित है सुरक्षित रहेगा
...डॉ डीके तिवारी, मुख्य सचिव, झारखण्ड
========================
झारखण्ड मंत्रालय

जिस तरह कोरोना वायरस देश के विभिन्न राज्यों में फैल रहा है , उसको देखते हुए राज्य सरकार पूरी तरह से सतर्क है। हालांकि वायरस से संक्रमित व्यक्ति की पहचान अब तक झारखंड में नहीं हुई है। बावजूद इसके हमने वायरस से लड़ने की तैयारी कर रखी है। मेरा मानना है कोरोना वायरस से बचाव के लिए एहतियात बरतना जरूरी है। राज्य के सभी लोग सरकार के इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। कोरोना वायरस को देखते हुए राज्य सरकार ने पूर्व में ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को स्थगित किया है। अब राज्य के सभी स्कूल , कॉलेज और शिक्षण संस्थानों को **14** अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर रही है। निजी संस्थानों को भी बंद करने का आदेश सरकार जल्द देगी। इस क्रम में यह भी आदेश निर्गत किया जाएगा कि उन संस्थानों में कार्यरत लोगों के वेतन में प्रबंधन कटौती न करे। सार्वजनिक स्थल यथा जिम , स्विमिंग पुल, पार्क, जू आदि भी **14** अप्रैल तक बंद रहेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री झारखण्ड मंत्रालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पूर्व निर्धारित परीक्षाएं एवं परीक्षा के मूल्यांकन कार्य यथावत जारी रहेंगे। इस क्रम में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था शिक्षण संस्थानों द्वारा की जाए।

200 करोड़ की राशि का किया उपबंध, **300** चिकित्सकों की टीम है तैयार

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगर कोरोना वायरस से कोई संक्रमित होता है , तो पैसे के आभाव में उसका इलाज प्रभावित न हो। इस निमित **200** करोड़ की राशि का उपबंध सरकार ने किया है। संक्रमण से लड़ने के लिए जरूरी संसाधन जुटाया जा रहा है। इस महामारी के ईलाज हेतु जमशेदपुर में लैब की स्थापना हो चुकी है। जल्द रांची समेत पांचों प्रमंडल में लैब की स्थापना होगी। **300** चिकित्सकों और पारा मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है। **20** मार्च तक जिला स्तर के अस्पताल में भी संसाधन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

जरूरत पड़ी तो विधानसभा की कार्यवाही भी स्थगित होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में सदन का कार्य पूर्व की तरह होगा। विधानसभा आनेवाले आगंतुकों को फिलहाल विधानसभा आने पर रोक लगाई गई है। सदन के अंदर सुरक्षात्मक उपाय किये जायेंगे। जरूरत पड़ी तो विधानसभा की कार्यवाही स्थगित भी की जा सकती है।

सभी धर्म के लोग सहयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संक्रमण एक दूसरे के संपर्क में आने से अधिक फैलता है। कुछ ही दिनों बाद सरहुल, रामनवमी जैसे पर्व आने वाले हैं। ऐसे में विभिन्न धर्म के ट्रस्ट स्वविवेक से निर्णय लेते हुए किसी भी तरह का आयोजन करें। आप सभी का सहयोग हमें कोरोना से लड़ने में सहायता प्रदान करेगा।

सभी जिलों में आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है

मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी ने बताया कि कोरोना के संक्रमण से निपटने के लिए सभी जिलों में आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। अलग से ओपीडी की व्यवस्था की गई है। राज्य के चिकित्सकों को यह अधिकार दिया गया है कि वे वायरस के संक्रमण के संदेह पर उस व्यक्ति की जांच जबरन कर सकें। इस कार्य में सहयोग नहीं करने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी भी दर्ज की जा सकती है। जहां तक मास्क समेत अन्य वस्तुओं की कालाबाजारी की बात है तो मामलों के संज्ञान में आने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित होगी। भारत सरकार से प्राप्त आकंड़ों के अनुसार **488** लोग विभिन्न देशों से झारखण्ड आएं हैं , सभी की जांच सुनिश्चित की जा रही है। जांच में अबतक संक्रमण नहीं पाया गया है। झारखण्ड सुरक्षित है सुरक्षित रहेगा।

उपस्थिति

संवाददाता सम्मेलन में प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग डॉ नितिन मदन कुलकर्णी , मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपालजी तिवारी समेत अन्य उपस्थित थे।

###

=====================

#Team PRD(CMO)